एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NHPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)

फोन/Phone: 0129-2278018

संदर्भ सं./Ref. No. **NH/CS/199**

| | |
|---|---|
| Manager/ मैनेजर,<br>Listing Department/ लिस्टिंग विभाग,<br>**M/s BSE Limited/ बीएसई लिमिटेड**,<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers / फिरोज जीजीभोय टावर्स, Dalal Street,/दलाल स्ट्रीट,<br>Mumbai/ मुंबई -400 001<br>**Scrip Code: 533098** | General Manager/ महाप्रबंधक,<br>Listing Department/ लिस्टिंग विभाग,<br>**M/s National Stock Exchange of India Limited/ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,**<br>Exchange Plaza, / एक्सचेंज प्लाजा,<br>Bandra Kurla Complex/ बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>Bandra (E)/ बांद्रा (ई), Mumbai/ मुंबई - 400 051<br>**Scrip Code: NHPC** |

**ISIN No. INE848E01016**

**Sub: Newspaper advertisement- 'Notice of the 47th Annual General Meeting and e-voting information'.**

विषय: समाचार पत्र विज्ञापन- '47वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई-वोटिंग सूचना'

Pursuant to Regulations 30 and 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copies of public notice on the subject matter, published by way of newspaper advertisement on Tuesday, August 08, 2023 in the following newspapers, in compliance with Section 108 of the Companies Act, 2013 read with rules made thereunder and Regulation 44 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015:

a. Financial Express (English- all edition)
b. Jansatta (Hindi-Delhi NCR edition)

This is for your record and information.

सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 के विनियम **30** और **47** के अनुसार, निम्नलिखित समाचार पत्रों में मंगलवार, **08** अगस्त, **2023** को समाचार पत्र विज्ञापन के माध्यम से विषय-वस्तु पर, कंपनी अधिनियम, **2013** की धारा **108**, इसके तहत बनाए गए नियमों के साथ पठित और सेबी [सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ] विनियम, 2015 के विनियम **44** के अनुपालन में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना की प्रतियां संलग्न प्राप्त करें:

क. फाइनेंशियल एक्सप्रेस (अंग्रेजी- सभी संस्करण)

ख. जनसत्ता (हिंदी-दिल्ली एनसीआर संस्करण)

यह आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।

धन्यवाद,

भवदीय,

RUPA DEB

Digitally signed by RUPA DEB
Date: 2023.08.08 14:45:47 +05'30'

(रूपा देब)
कंपनी सचिव

संलग्न : उपरोकतानुसार

FINANCIAL EXPRESS

# NHPC Limited

(A Government of India Enterprise)

**CIN: L40101HR1975GOI032564**
**Regd. Office : NHPC Office Complex, Sector- 33, Faridabad-121003 (Haryana)**
**E-mail:companysecretary@nhpc.nic.in, EPABX No. : 0129-2588110 / 2588500**
**Website: www.nhpcindia.com**

## NOTICE OF THE 47th ANNUAL GENERAL MEETING AND E-VOTING INFORMATION

**NOTICE** is hereby given that the 47th Annual General Meeting (AGM) of the members of NHPC Limited will be held on **Thursday, 31st day of August, 2023** at **3.00 P.M. (IST),** deemed to be held at the Registered Office of the Company through Video Conference (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM), in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (the Act) and the Securities and Exchange Board of India (SEBI) (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (LODR), read with all applicable circulars on the matter issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA) and SEBI, to transact the businesses as detailed in the Notice of AGM dated **27th day of June, 2023.** In compliance with relevant circulars, the Notice of AGM and Annual Report 2022-23 have been sent through electronic mode to all members, whose email addresses are registered with the Company/ RTA/ Depository Participants as on **Friday,21st day of July, 2023.** The electronic dispatch of Notice and Annual Report to members has been completed on **August 05, 2023.** The aforesaid documents are also available on the Company's website (www.nhpcindia.com) at the link https://www.nhpcindia.com/assests/pzi_public/gallery/16911493480.pdf, on the website of Stock Exchanges, i.e. BSE Limited at www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited at www.nseindia.com, and on the website of e-voting service provider i.e. M/s National Securities Depository Limited (NSDL) at www.evoting.nsdl.com. Members participating through the VC/ OAVM facility shall be reckoned for the purpose of quorum under Section 103 of the Act.

The documents referred to in the Notice of the AGM are available electronically for inspection without any fee by the members from the date of circulation of this Notice and up to the date of AGM. Members seeking to inspect such documents can send an e-mail to Company Secretary at agm2023@nhpc.nic.in mentioning their name, DP ID & Client ID/folio number and Permanent Account Number (PAN).

Pursuant to Regulation 44 of SEBI (LODR) and Section 108 of the Act read with relevant rules, the Company is pleased to provide facility to members to exercise their right to vote by electronic means on businesses proposed to be transacted at the 47th AGM. The Company has engaged services of M/s National Securities Depository Limited (NSDL) as the agency to provide the facility for remote e-voting and e-voting during the AGM. The members may cast their votes electronically through e-voting system of NSDL at www.evoting.nsdl.com.

**All the members are informed that:**

(a) The businesses as set forth in the Notice of 47th AGM will be transacted through voting by electronic means only;

(b) Members whose names appear in the register of members or list of beneficial owners maintained by the depositories, as on the cut-off date i.e. **Thursday, 24th day of August, 2023** shall only be entitled to avail the remote e-voting and e-voting during the AGM;

(c) The remote e-voting shall commence on **Monday, 28th day of August, 2023** at **09:00 A.M. (IST)** and end on **Wednesday, 30th day of August, 2023** at **05:00 P.M. (IST).** Remote e-voting shall not be allowed beyond 5:00 PM (IST) on **30th day of August, 2023** and once the vote on a resolution is cast by the member, they shall not be allowed to change it subsequently;

(d) E-voting facility will also be made available at the 47th AGM and members attending the meeting through VC/ OAVM, who have not cast their vote shall be able to cast vote during the AGM.

(e) Any person, who acquires shares of the Company and becomes a member after sending of the Notice of AGM, but before the cut-off date i.e. **Thursday, 24th day of August, 2023** may obtain the login ID and password by sending a request at evoting@nsdl.co.in. The detailed procedure for obtaining user ID and password is also provided in the Notice of AGM. However, if a person is already registered with NSDL for e-voting then existing user ID and password can be used for casting vote.

(f) Members may attend the 47th AGM through VC/ OAVM by using their remote e-voting credentials;

(g) The instructions for participating in AGM through VC/ OAVM and the process of e-voting, including the manner in which members holding shares in physical form or who have not registered their e-mail address can cast their vote through e-voting, are provided in the Notice of AGM;

(h) Members may note that:-

i. Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may attend the AGM through VC/OAVM, but shall not be entitled to cast their vote again. Members who have not cast their vote through remote e-voting and are present in the AGM through VC/OAVM, shall be eligible to vote through e-voting system during the AGM.

ii. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from **Wednesday, 23rd day of August, 2023** to **Thursday, 31st day of August, 2023** (both days inclusive).

iii. Dividend related information:-

a. The Company has fixed **Tuesday, 22nd day of August, 2023** as "Record Date" for determining the entitlement of members to receive final dividend, if declared at the AGM. The members, whose names appear in the register of member/ list of beneficial owner as on the record date, will be entitled to receive final dividend.

b. As per the relevant circulars, payment of dividend shall be made through electronic mode to the members who have updated their bank account details. Dividend warrants/demand draft will be dispatched at the registered address of the members, who have not updated their bank account details.

c. Payment of dividend will be subject to deduction of Tax at Source (TDS) at applicable rates, for more details, please refer to the notes given in the Notice of AGM.

Members may please refer to the Notice of AGM or visit www.evoting.nsdl.com for detailed procedure regarding remote e-voting, e-voting during the AGM and joining AGM through VC/OAVM. Information and instructions on remote e-voting and attending the AGM through VC/OAVM have been sent to the members through e-mail.

In case of any queries/ grievances related to e-voting, joining AGM through VC/ OAVM and any other technical assistance before or during the AGM, members may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on : 022-4886 7000 and 022-2499 7000 or send a request to Ms. Pallavi Mhatre-Senior Manager, NSDL at the designated email id evoting@nsdl.co.in.

(i) Members are requested to update/ register their email id and/or KYC details as under:

a. In case of shares held in dematerialized mode- Register/ update their email id and/or KYC details with their respective Depository Participant.

b. In case of shares held in physical mode- Register/ update the email and/or KYC details with the Company's RTA i.e. M/s Alankit Assignments Limited by submitting duly-filled form ISR-1 at Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi-110055 or by email at alankit.nhpc@alankit.com.

Members who would like to ask questions during the AGM may register themselves as a speaker by sending a request from registered e-mail address mentioning their name, demat account number/ folio number, PAN, mobile number at agm2023@nhpc.nic.in from **Monday, 21st day of August, 2023** to **Friday, 25th day of August, 2023.** Those members who have registered themselves as a speaker will be allowed to ask questions during the AGM, relating to the business items as contained in the notice of AGM. The Company reserves the right to restrict the number of questions and number of speakers, depending upon the availability of time as appropriate for smooth conduct of the AGM.

Members may also write to the Company Secretary at companysecretary@nhpc.nic.in or at Registered Office of the Company.

Members who have not encashed or received their dividend warrants for previous years are advised to write to RTA for revalidating the same or obtaining duplicate thereof.

For and on behalf of NHPC Limited
Sd/-
(Rupa Deb)
Company Secretary

Dated: August 07, 2023
Place: Faridabad

# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम)

**CIN: L40101HR1975GOI032564**
पंजीकृत कार्यालयः एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर-33, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
ई-मेलः companysecretary@nhpc.nic.in, ईपीएबीएक्स न.: 0129-2588110 / 2588500,
वेबसाइटः www.nhpcindia.com

## 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना और ई-वोटिंग संबंधी जानकारी

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) और सेबी द्वारा जारी किए गए सभी लागू परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (एलओडीआर) के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में **गुरुवार, 31 अगस्त, 2023 को अपराह्न 3:00 बजे (भारतीय समयानुसार)** को आयोजित होने वाली एनएचपीसी लिमिटेड के सदस्यों की 47वीं वार्षिक आम बैठक (जिसे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित माना जाएगा) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल साधन (ओएवीएम) के माध्यम से संपन्न होगी, जिसमें **दिनांक 27 जून, 2023** की एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट कारोबार संपादित किए जाएंगे। सुसंगत परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2022–23 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को भेज दिया गया है, जिनके ईमेल पते कंपनी / आरटीए / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास **शुक्रवार, 21 जुलाई, 2023** तक पंजीकृत हैं। सदस्यों को सूचना और वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक प्रेषण दिनांक **05 अगस्त 2023** को पूरा कर लिया गया है। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट (www.nhpcindia.com) के https://www.nhpcindia.com/assests/pzi_public/gallery/16911493480.pdf, लिंक पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर, और ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात मेसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं। वीसी / ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत न्यूनतम अपेक्षित क्षमता (कोरम) के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से एजीएम की तारीख तक सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से निःशुल्क उपलब्ध हैं। ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य कंपनी सचिव को agm2023@nhpc.nic.in पर अपना नाम, डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी / फोलियो नंबर और स्थायी खाता संख्या (पैन) का उल्लेख करते हुए ई-मेल भेज सकते हैं।

सेबी (एलओडीआर) के विनियम 44 और अधिनियम की धारा 108 के साथ पठित सुसंगत नियमों के अनुसरण में, कंपनी 47वीं एजीएम में संपादित किए जाने वाले प्रस्तावित कारोबार के संबंध में मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करने के लिए सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मत देने की सुविधा प्रदान कर रही है। कंपनी ने रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग एजीएम के दौरान की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में मैसर्स नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है। सदस्य www.evoting.nsdl.com पर एनएसडीएल की ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत दे सकते हैं।

**सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :**

(क) 47वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित कारोबार को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा पूरा किया जाएगा।

(ख) जिन सदस्यों के नाम कट-ऑफ तिथि अर्थात **गुरुवार, 24 अगस्त, 2023** को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी स्वामियों की सूची में शामिल हैं, केवल वे ही रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के पात्र होंगे।

(ग) रिमोट ई-वोटिंग **सोमवार, 28 अगस्त, 2023 को सुबह 09:00 बजे (भारतीय समयानुसार)** शुरू होगी और **बुधवार, 30 अगस्त, 2023 को शाम 05:00 बजे (भारतीय समयानुसार)** समाप्त होगी। रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति **बुधवार, 30 अगस्त, 2023** को शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) के बाद नहीं होगी और एक बार सदस्य द्वारा किसी संकल्प पर मत देने के बाद, उन्हें इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(घ) ई-वोटिंग की सुविधा 47वीं एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने अपना वोट नहीं डाला है, वे एजीएम के दौरान मत दे सकेंगे।

(ङ) कोई भी व्यक्ति, जिसके पास कंपनी के शेयर हैं और जो कट-ऑफ तिथि से पहले अर्थात **गुरुवार, 24 अगस्त, 2023** से पहले परंतु एजीएम की सूचना भेजने के बाद सदस्य बनता है, वह evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। एजीएम की सूचना में भी यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया दी गई है। तथापि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग मत देने के लिए कर सकता है।

(च) सदस्य अपने रिमोट ई-वोटिंग क्रेडेंशियल का उपयोग करके वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से 47वीं एजीएम में भाग ले सकते हैं।

(छ) वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए अनुदेश और भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों अथवा जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, सहित उनके लिए ई-वोटिंग द्वारा मत देन की ई-वोटिंग प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

(ज) सदस्य कृपया ध्यान दें कि :–

i. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दिया है, वे वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे दोबारा मत देने के पात्र नहीं होंगे। जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत नहीं दिया है और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हैं, वे एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मत देने के पात्र होंगे।

ii. कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स **बुधवार, 23 अगस्त, 2023** से **गुरुवार, 31 अगस्त, 2023** (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

iii. लाभांश संबंधी जानकारी :–

क. यदि अंतिम लाभांश एजीएम में घोषित होता है तो, इसका भुगतान करने के लिए कंपनी ने सदस्यों की पात्रता के निर्धारण के लिए **मंगलवार, 22 अगस्त, 2023** को "रिकॉर्ड तिथि" के रूप में निर्धारित किया गया है। जिन सदस्यों के नाम रिकॉर्ड तिथि की स्थितिनुसार सदस्य के रजिस्टर / लाभार्थियों की सूची में शामिल हैं, वे सदस्य अंतिम लाभांश प्राप्त करने के पात्र होंगे।

ख. सुसंगत परिपत्रों के अनुसार, लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट कर दिया है। जिन सदस्यों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, उनके पंजीकृत पते पर लाभांश वारंट / डिमांड ड्राफ्ट भेजा जाएगा।

ग. लाभांश के भुगतान पर लागू दर के अनुसार स्रोत पर कर की कटौती (टीडीएस) की जाएगी। अधिक विवरण के लिए, कृपया एजीएम की सूचना में दी गई टिप्पणियों को देखें।

एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग, ई-वोटिंग और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने संबंधी विस्तृत प्रक्रिया के लिए सदस्य कृपया एजीएम की सूचना को देखें या www.evoting.nsdl.com पर विजिट करें। रिमोट ई-वोटिंग और वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की सूचना और अनुदेश सदस्यों को ईमेल के माध्यम से भेज दिए गए हैं।

ई-वोटिंग, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने और एजीएम से पहले या उसके दौरान किसी अन्य तकनीकी सहायता के संबंध में किसी भी प्रश्न/शिकायत के लिए, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं अथवा 022-4886 7000 और 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे–वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल को विनिर्दिष्ट ईमेल आईडी evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

(झ) सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी ईमेल आईडी और / या केवाईसी विवरण को निम्नानुसार अपडेट/ पंजीकृत कर लें :

क. डिमैटेरेलाईजड मोड में धारित शेयरों के मामले में-अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपनी ईमेल आईडी और/या केवाईसी विवरण पंजीकृत/अपडेट करें।

ख. भौतिक मोड में धारित शेयरों के मामले में-कंपनी के आरटीए यानी मैसर्स अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड के पास अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में विधिवत भरे हुए फॉर्म ISR-1 जमा करके अथवा alankit.nhpc@alankit.com पर ईमेल भेजकर, अपने ईमेल और / या केवाईसी विवरण को पंजीकृत / अपडेट करें।

जो सदस्य एजीएम के दौरान प्रश्न पूछना चाहते हैं, वे अपना नाम, डीमैट खाता संख्या / फोलियो नंबर, पेन, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए **सोमवार, 21 अगस्त, 2023 से शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 शाम 05:00 बजे** तक (भारतीय समयानुसार) तक agm2023@nhpc.nic.in पर अपने पंजीकृत ई-मेल से अनुरोध भेजकर स्वयं को स्पीकर के रूप में पंजीकृत कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने स्पीकर के रूप में अपना पंजीकरण कराया है, उन्हें एजीएम के दौरान एजीएम की सूचना में निहित व्यावसायिक मदों से संबंधित प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी। कंपनी एजीएम के सुचारू संचालन के लिए समय की उपलब्धता के आधार पर प्रश्नों की संख्या और स्पीकरों की संख्या को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

सदस्य कंपनी सचिव को companysecretary@nhpc.nic.in पर या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भी लिख सकते हैं।

जिन सदस्यों ने पिछले वर्षों के लाभांश वारंट को नहीं भुनाया है अथवा प्राप्त नहीं किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे इसे पुनःप्रमाणित करने या तत्संबंधी डुप्लिकेट प्राप्त करने के लिए आरटीए को लिखें।

एनएचपीसी लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से

हस्ता./-
(रूपा देब)
कम्पनी सचिव

दिनांक: अगस्त 07, 2023
स्थान : फरीदाबाद